## सार-समाचार

### जालोर वीडियो फोटोग्राफर संघ के अल्ताफ हुसैन बने अध्यक्ष

**जालोर, (कासं)।** जालौर वीडियो फोटोग्राफर संगठन संस्थान जालौर के रविवार शाम को वीडियो फोटोग्राफर की सर्व सहमति से गणेश गार्डन में चुनाव कमेटी के संरक्षक भंवर सिंह और नारायण लाल परिहार के आतिथ्य में संगठन के चुनाव संपन्न करवाए गये। सवेरे से ही गणेश गार्डन में जालोर मुख्यालय व आस पास क्षेत्र के सभी फोटोग्राफर भारी संख्या में मौजूद रहे सबकी सहमति से मतदान का फैसला लेते हुए मतदान की प्रक्रिया शुरू कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर फोटोग्राफरों को संगठन के कार्य के लिए निर्वाचित किए गए। चुनाव में तीन प्रत्याशी राजेंद्र कुमार सोलंकी, अल्ताफ हुसैन रंगरेज, मुकेश माली ने अपना नामांकन भरा उसके बाद जालोर व आसपास के क्षेत्र में मतदान प्रक्रिया को अंजाम दिया मतदान के बाद मतगणना में सर्वाधिक मत लाने वाले को अध्यक्ष उस कम मत लाने वालों को उपाध्यक्ष व उससे कम लाने वाले को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष पद के लिए अल्ताफ हुसैन ने सर्वाधिक शासक मत प्राप्त किया वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए राजेंद्र कुमार सोलंकी ने सतीश मत प्राप्त किया नहीं 5 वोट नोटा पर पडे । चुनाव कमेटी पर संरक्षक मंडल ने सर्व समिति के बाद अन्य पदों पर महासचिव धर्मेंद्र खत्री,कोषाध्यक्ष मनोज राव, मीडिया प्रभारी कैलाश माली संगठन मंत्री मुकेश माली नीलकंठ को सर्व सहमति से बनाया वीडियो फोटोग्राफर के अध्यक्ष पद पर नियुक्त अल्ताफ हुसैन रागनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि वह फोटोग्राफर के हित में और उनके समस्याओं के निर्धारण करने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे वहीं उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार सोलंकी ने सभी साथ मिलकर फोटोग्राफर को मजबूत एक करने का काम करने का कहा किस अवसर पर विजेता फोटोग्राफरों का गणेश गार्डन से ढोल नगाडे गाजे बाजे के साथ नाचते हुए जुलूस निकाला गया। जुलूस पंचायत समिति बागोडा रोड हरी देव जोशी सर्कल हॉस्पिटल चौराहा होते हुए अध्यक्ष की दुकान पर जाकर संपन्न हुआ। वीडियो फोटोग्राफर एसोसिएशन में सहयोग करने वाले फोटोग्राफर मनोज राव, हितेश टांक ,मुकुंद माली, सवाई सिंह, मनीष माली ,दयानंद टांक का स्वागत अभिनंदन किया गया कार्यक्रम में चंपालाल रेवतडा ,ललित माली सायला, सुमेंर सिंह डूडसी बागरा ,प्रवीण भीनमाल सहित काफी तादाद में फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

### रेलवे के निजीकरण का विरोध

**जालोर, (कासं)।** जालोर रेलवे स्टेशन पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन की शाखा परिषद की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में रेलवे के निजीकरण एवं निगमीकरण का विरोध करते हुए रेलवे को सार्वजनिक क्षेत्र में सुरक्षित रखने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के जोनल अध्यक्ष एवं मंडल मंत्री मनोज कुमार परिहार ने कहा कि रेल कर्मचारियों के हितों के साथ-साथ सुरक्षित रेल संचालन को प्राथमिकता देना जरूरी है। इस दौरान सेफ्टी कैटेगरी के रिक्त पदों को शीघ्र भरने, कर्मचारियों पर बढते कार्यभार को कम करने और रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। कर्मचारियों के हित में बोनस की सीलिंग सीमा बढाने की मांग भी रखी गई। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को उनके परिश्रम का उचित लाभ मिलना चाहिए। शाखा परिषद की अध्यक्षता जोधपुर मंडल के सहायक मंडल मंत्री बने सिंह पंवार ने की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हितों, सुरक्षित रेल संचालन और रेलवे के संरक्षण के लिए निरंतर संघर्षरत है। शाखा परिषद के दौरान समदडी शाखा की यूथ विंग का गठन किया गया। साथ ही शाखा के रिक्त पदों को भरते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें महेंद्र सिंह राठौड को शाखा अध्यक्ष, मनोज कुमार शर्मा को शाखा सचिव, राजू सिंह को उपाध्यक्ष तथा वर्षा राय को सहायक शाखा सचिव मनोनीत किया गया।

### दूसरी बार पार्षद बसंत सुथार का बहुमान

**जालोर, (कासं) ।** जालोर नगर परिषद चुनाव में लगातार दूसरी बार पार्षद निर्वाचित हुए पार्षद बसंत सुथार का श्री विश्वकर्मा वंश सुथार समाज जालोर की ओर से सोमवार को विश्वकर्मा भवन में बहुमान समारोह आयोजित कर सम्मान किया गया। पार्षद बसंत सुथार अपने पिछले कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं। समारोह में समाज के पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं ने पार्षद बसंत सुथार को साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाज बंधुओं ने पार्षद बसंत सुथार से जालोर के विकास एवं जनहित के कार्यो को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के हित में निरंतर कार्य करने का आहवान किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मुलजी, सचिव अशोकजी, छतराराम, सोमाराम, सीए. मोहन पाराशर, नारायण, एडवोकेट दुष्यंत सुथार, सीए. संजय सुथार, कन्हैयालाल, फुलाराम, तेजाराम, भरत, नारायण एच, जवान, सुरेश, छगन, कैलाश, नरेंद्र एच, कमलेश पाराशर, ललित, राजू, प्रवीण, किरण, अशोक, दिनेश, नरेश, सुरेश, मदन, भावेश सहित बडी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। समारोह के अंत में श्री विश्वकर्मा वंश सुथार समाज ट्रस्ट, जालोर की ओर से उपस्थित सभी समाज बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया।

### अतिक्रमण हटाने व दो निकास द्वार की मांग

**जालोर, (कासं) ।** जालोर शहर के बागरा रोड पर निर्माणाधीन महात्मा गांधी टाउन हॉल के पास आम रास्ते पर गेट लगाकर रास्ता बंद करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुर्व पार्षद अनिल पंडत ने सोमवार को नगर परिषद आयुक्त को शिकायत देकर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में बताया गया कि टाउन हॉल की बाउंड्री के पास एक आम रास्ता है, जो ऊपर चारण छात्रावास की ओर जाता है। आरोप है कि इस रास्ते पर पहले गेट का निर्माण करवाया गया और अब उसमें फाटक भी लगा दी गई है। इससे आमजन के आवागमन का रास्ता प्रभावित होने की बात कही गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार टाउन हॉल जैसे सार्वजनिक भवन में आपात स्थिति, भीड या किसी अनहोनी की स्थिति में लोगों की सुरक्षित निकासी के लिए बाउंड्री वॉल में दो निकास द्वार का प्रावधान किया जाना आवश्यक है। ऐसे में आम रास्ते को गेट व फाटक लगाकर बंद करना उचित नहीं है। शिकायत में नगर परिषद आयुक्त से मामले की जांच करवाकर आम रास्ते से फाटक हटाने तथा टाउन हॉल की बाउंड्री वॉल में दो निकास द्वार बनाए जाने के निर्देश देने की मांग की गई है। साथ ही आम रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त करवाकर आमजन के आवागमन को सुचारू रखने का अनुरोध किया गया है।

### जेइटी काउंसलिंग शुरू करवाने की मांग

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान जेइटी -2026 की काउंसलिंग प्रक्रिया में हो रही देरी को एबीवीपी एग्री विजन के अध्यक्ष श्रवणसिंह कुंडल एवं एग्री विजन टीम ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर काउंसलिंग प्रक्रिया शीघ्र शुरू करवाने की मांग की। कुंडल ने ज्ञापन में बताया कि परीक्षा के बाद बडी संख्या में विद्यार्थी काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। देरी के कारण विद्यार्थियों की आगामी शैक्षणिक योजना प्रभावित हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से संबंधित विभाग एवं स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के साथ आवश्यक समन्वय कर काउंसलिंग की तिथि एवं विस्तृत कार्यक्रम शीघ्र जारी करवाने, लंबित प्रक्रियाओं को गति देने तथा विद्यार्थियों को समय पर आधिकारिक जानकारी उपलब्ध करवाने की मांग की गई। श्रवणसिंह कुंडल ने कहा कि विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए जेइटी-2026 की काउंसलिंग प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करवाया जाना आवश्यक है। इस दौरान उपाध्यक्ष रविंद्र पटेल, सोशल मीडिया संयोजक निकेश पटेल एवं कार्यालय सचिव कांतिलाल सहित एग्री विजन टीम के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### माजीसा धाम के गादीपति जन्मदिन मनाया

**जोधपुर, (कासं))।** माता का थान, गांधी नगर स्थित माजीसा धाम के गादीपति दाता मोहन लाल का जन्म दिवस आज भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अर्जुन सिंह गहलोत व दाता सवाई सिंह भोमिया सा भक्त मंडल के अध्यक्ष उम्मेद सिंह ने दाता को माला पहना कर जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भक्तों द्वारा घेवर केक काटकर माजीसा और सवाई सिंह जी भोमिया को प्रसाद रूप में चढ़ाया। भावेश,भरत,जसराज,मनीष जोशी ध्रुवांस, मोहित जांगिड़ वह महिला मंडल की संतोष, प्रीति आसदैव,श्रेया जोशी, लीला देवा, अचू देवी उपस्थित थे।

### रेस्टोरेंट में चल रहा हुक्काबार पकड़ा

**जोधपुर, (कासं))।** शहर की महामंदिर पुलिस ने मानजी का हत्था क्षेत्र में चल रहे एक रेस्टोरेंट पर दबिश देकर हुक्काबार पकड़ा। महामंदिर पुलिस ने बताया कि मानजी का हत्था क्षेत्र में चल रहे रेस्टोरेंट महादेव कैफे में अवैध रूप से हुक्का बार की जानकारी मिली। इस पर एसआई गोविंदराम ने मय जाब्ते के वहां रेड दी।

# जोराराम ने राज्य स्तरीय लॉन टेनिस का उद्घाटन किया

■ मुख्य अतिथि मंत्री जोराराम कुमावत ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई

**पाली, (नि.सं.)।** राज्य स्तरीय लॉन टेनिस खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह उत्साह एवं खेल भावना के साथ आयोजित किया गया।

प्रधानाचार्य एवं संयोजक उमा यादव ने बताया कि उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत रहे। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि पुखराज पटेल, किशन केसरी भंवर चौधरी, पार्षद मानवेन्द्र सिंह, त्रिलोक चौधरी, तेजाराम, नरेश बोहरा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कानाराम वागोरिया, एडीईओ प्रारंभिक तेज सिंह पंवार, पूर्व एडीईओ एवं समाजसेवी रामलाल कुमावत, प्रधानाचार्य बसंत कुमार परिहार एवं मांगीलाल पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने परेड के मार्च पास्ट की सलामी ली।

मुख्य अतिथि मंत्री जोराराम कुमावत ने खिलाड़ियों को खेल को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि लॉन टेनिस केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि बेहतरीन सर्विस, सटीक फोरहैंड-बैकहैंड, प्रभावी वॉली, तेज फुटवर्क और सही रणनीति का खेल है। एक अच्छे खिलाड़ी के लिए एकाग्रता, संतुलन, धैर्य और गेंद की दिशा को समझने की क्षमता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने खिलाड़ियों से प्रत्येक पॉइंट को आत्मविश्वास के साथ खेलने तथा प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हुए खेल भावना बनाए रखने का आहवान किया।

उन्होंने कहा कि जीत से अधिक महत्वपूर्ण अपने कौशल में निरंतर सुधार करना और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना है। मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं उज्ज्वल खेल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक कानाराम वागोरिया ने सभी अतिथियों एवं संभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि एक अच्छे खिलाड़ी के लिए शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ धैर्य, रणनीति, त्वरित निर्णय क्षमता और आत्मविश्वास भी आवश्यक हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों से प्रत्येक शॉट को पूरी एकाग्रता और खेल भावना के साथ खेलने तथा जीत-हार से अधिक अपने कौशल एवं प्रदर्शन को बेहतर बनाने पर ध्यान देने का आहवान किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि सभी खिलाड़ी अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय, जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन एवं उज्ज्वल खेल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा सभी का आभार व्यक्त किया।

सह संयोजक पिनल मोदी एवं सचिव राहुल परमार ने बताया कि राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए निदेशालय बीकानेर स्तर से शारीरिक शिक्षक एवं निर्णायक के रूप में प्रियंका कुमारी, भजनलाल, पुरुषोत्तम, नंदकिशोर बागड़ी, स्वरूप कुमार, उज्जवल दाधीच, प्रदीप, नरेश पाटीदार, विजयपाल सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह को लगाया गया है।

मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को लेकर जिला खेलकूद प्रभारी राठौड़, कार्यालय खेलकूद प्रभारी लालचंद प्रजापति, शारीरिक शिक्षक भवानी बालवंशी, मुकेश मेवाड़ा, शैतानसिंह, कविता बालवंशी, मनोहर सिंह मुसालिया, अरुण चौधरी, विकास राजपुरोहित, लीना प्रकाश, आराधना राजपुरोहित, मोनाली साहू, स्वाति पारिक, सुमन राठौड़, ममता भाटी, विपुल कंवर, आशा वरयानी, दिव्या शर्मा, अनुराधा, चंद्रेश राठौड़, प्रतीका गुरनानी, हीना जांगिड़, हर्षिता थवानी, अनीता गुरनानी, सोनम संगवानी, सोनल प्रजापत, तखतराज सोनी, तारा अग्रवाल, योगेश चौधरी, डोमिनिक नथमल पंवार, वीरेन्द्र व्यास, जसाराम सहित विभिन्न समितियों के प्रभारी एवं आयोजन टीम के सदस्य व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। उद्घाटन मैच डीडवाना एवं चित्तौड़गढ़ जिले की टीमों के मध्य खेला गया। कार्यक्रम का संचालन गणपत पन्नू एवं रामदयाल जांगिड़ ने किया।

# भाद्राजून के लोगों ने धरना प्रदर्शन कर पोक्सो की धारा जोड़ने की मांग की

**जालोर, ( कासं )।** जालोर के निकट भाद्राजून पुलिस थाना क्षेत्र में दर्ज मामले में पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस की गंभीर धाराएं शामिल नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए लोगों ने सोमवार को कलैक्ट्रेट के पास धरना प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक, जालोर से मामले की जांच उच्च अधिकारी से करवाने की मांग की गई है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए लिखित आवेदन में भागाराम पुत्र सोनाजी, जाति रैबारी, निवासी निम्बला ने बताया कि 18 सितम्बर को एक बच्ची के साथ छेडछाड की घटना के बाद बचाव करने आये पशुपालक देवाराम एवं भगाराम रेबारी के साथ मारपीट कर गंभीर चोटे कारित की तथा उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है तथा पोक्सो अधिनियम की गंभीर धाराएं भी जोडी नही जा रह है। आरोपियों के प्रभाव के कारण मामले में पॉक्सो अधिनियम एवं बीएनएस की गंभीर धाराएं शामिल नहीं की जा रही हैं। मामले में जितेंद्र सिंह पुत्र हीर सिंह को आरोपी बताया गया है तथा पीडिता नाबालिग होने के बावजूद पीडिता और उसके परिवार पर मुकदमा वापस लेने तथा राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। ज्ञापन में बताया कि गंभीर घायल देवाराम के बयान भी पुलिस द्वारा दर्ज नहीं किए जाने तथा मामले के अन्य गवाहों को भी धमकियां दिए जाने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में बताया कि घटना के संबंध में पुलिस उप अधीक्षक आहोर के समक्ष 26 सितंबर को रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, लेकिन इसके बावजूद अभी तक पॉक्सो एक्ट एवं बीएनएस की कथित गंभीर धाराओं को एफआईआर में जोडा नहीं गया है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि पुलिस द्वारा आरोपी पक्ष से मिलीभगत कर मामले को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है और पॉक्सो एक्ट की धाराएं नहीं जोडे जाने से पीडिता एवं उसका परिवार न्याय से वंचित हो रहा है।

ज्ञापन में पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच उच्च अधिकारी से करवाने तथा तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी धाराएं जोडकर कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# लोक अदालत में हर व्यक्ति दे सहयोग : बन्नालाल जाट

**जालोर, (कासं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश बन्नालाल जाट की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं, बैंक, विभिन्न विभागों अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिला न्यायाधीश ने कहा कि सभी के सहयोग से ही लोक अदालत की सफल होती है। उन्होंने बैंक अधिकारियों को कहा कि ऋण वसूली, एनआईएक्ट के प्रकरणों के निस्तारण के लिए पक्षकारों को प्रेरित करें, बैंक की ओर से नियमानुसार अधिक से अधिक छूट दी जावे ताकि पक्षकार राशि जमा करवाकर अपने प्रकरणों को अधिक से अधिक निस्तारित करवा सके। उन्होंने अधिवक्ताओं को भी कहा कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निस्तारण के लिए पक्षकारों को प्रेरित करें तथा अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करवाकर सहयोग करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी को कहा कि लोक अदालत को लेकर जारी होने वाले नोटिसेज, सम्मन आदि शत प्रतिशत तामील करवाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रकरणों में अनुसंधान स्तर पर ही राजीनामा हो गया है। ऐसे प्रकरण न्यायालय में शीघ्र पेश किए जावे।

उन्होंने सभी को लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने का अनुरोध किया। इस दौरन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश वीर ने अधिवक्ताओं बैंक एवं वित्तीय संस्थान के अधिकारियों को कहा कि एनपीए, ऋण वसूली से संबंधित मामलों में उच्चाधिकारियों से वार्तालाप कर पक्षकारों को अधिक से अधिक छूट दी जावे। उन्होंने अधिवक्ताओं से भी अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण करवाकर लोक अदालत में सहयोग का आव्हान किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष खसाराम परिहार ने बार की तरफ से विश्वास दिलाया कि लोक अदालत में प्रकरणों के निस्तारण में बार एसोसिएशन पूरा सहयोग प्रदान करेगा। इस दौरान पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश अमर वर्मा, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ संजय कुमार गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ विमल व्यास, एसीजेएम प्रथम राजेंद्रसिंह चारण, एसीजेएम द्वितीय दिव्या गोदारा, डीवाईएसपी गौतम जैन, अभियोजन विभाग के डीडीपी अजय कुमार व्यास, अधिवक्ता अश्विन राजपुरोहित, तरूण सिद्धावत, फरमानअली, इंसाफअली, एसबीआई के बीएम मुकेश कुमार, बीओआई के रमेश माली, विनोद कुमार, इमरानखान, शुभम आर्य, जयंतीलाल आदि मौजूद रहे।

# दो भाइयों ने किशोरी को पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया

■ किशोरी को परिजन ने बचाया तो आरोपियों ने उनकी स्कूटी को पेट्रोल छिड़क कर जलाया

**जोधपुर, (कासं))।** शहर के कुड़ी भगतासनी स्थित राजीव गांधी नगर में दो भाइयों ने मिलकर एक किशोरी को पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। किशोरी को परिजन ने बचाया तो आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी उनकी स्कूटी को पेट्रोल छिड़क कर जला दिया। पुलिस ने दो भाइयों को नामजद केस दर्ज किया। एक भाई को फिलहाल शांतिभंग में पकड़ा गया है।

कुड़ी भगतासनी पुलिस ने बताया कि राजीव गांधी नगर की रहने वाली एक महिला की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि रविवार को सागर और करण नाम के दो शख्स उसके घर पर अन्य लड़कों को लेकर आए। इनके हाथ में पेट्रोल की बोतलें थी। आरोपियों ने उसकी नाबालिग बेटी को आवाज देकर धमकी दी और बाहर बुलाया। बाद में जब उसकी बेटी बाहर आई तो आरोपियों ने उसे पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। उसकी बेटी से मारपीट की गई। उसकी बेटी को जैसे-तैसे बचाकर घर में वापिस लाया गया। पीड़िता के बेटे ने बीच-बचाव किया तो उससे भी मारपीट की गई।

# श्वान घुमाने की बात पर हुए झगड़े में घायल युवक

**जोधपुर, (कासं))।** शहर के राइकाबाग स्थित लालजी हैण्डीक्राफ्ट के पीछे एक किराए के मकान में युवक से पड़ौसी के लोगों ने हाथों और डंडों से मारपीट की। इसमें युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई की तरफ से उदयमंदिर पुलिस ने हत्या प्रयास में प्रकरण दर्ज किया था। अब मामला हत्या में तब्दील किया गया है। इसमें मामा-भांजा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया गया है। शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया है। आरंभिक जांच में सामने आया कि मृतक परिवार द्वारा पड़ौसी के घर के बाहर श्वान घुमाना पाया गया, जिस पर आरोपियों ने मारपीट की।

उदयमंदिर थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि फलोदी जिले के आमला निवासी प्रेमसिंह पुत्र भोमसिंह की तरफ से रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि उसका भाई 23 साल का यशवंत सिंह यहां राइकाबाग स्थित लालजी हैण्डीक्राफ्ट के पीछे भगवान सिंह के मकान में किराए पर रहता था। 26 सितंबर को पड़ौसी द्वारा श्वान को घुमाने की बात को लेकर विवाद हो गया, तब मोहित उर्फ मोंटू, लक्की और दामिनी कांत राजवंशी ने पहले घर के बाहर मारपीट की फिर घर में घुसकर उसके साथ डंडों आदि से मारपीट की।

रिपोर्ट के अनुसार डंडों आदि से की गई मारपीट में उसका भाई यशवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिस पर उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया, मगर अब उसकी मौत हो गई।

थानाधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया कि मामला हत्या में दर्ज कर अब तीन आरोपियों राइका बाग प्रजापत कॉलोनी लक्की पंवार पुत्र लक्ष्मण पंवार, जैन कॉलोनी के पास अजीत कॉलोनी निवासी दामिनी कांत राजवंशी पुत्र नेमीशरण एवं लालजी हैण्डीक्राफ्ट के पीछे रहने वाले मोहित गुप्ता उर्फ मिंटू पुत्र अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों से अग्रिम पूछताछ की जा रही है। इसमें आरोपी मोहित और दामिनीकांत दोनों मामा-भांजा है।

# ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा जालोर पहुंची

■ शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में यात्रा निकाली जा रही है

**जालोर, (कासं)।** श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन के आव्हान पर आर्थिक पिछड़ा वर्ग ( ईडब्ल्यूएस) में व्यवहारिक सुधार की मांग को लेकर शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में शुरू की गई यात्रा रविवार शाम जालोर पहुंची।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सात बजे निश्चित समय से करीब दो घंटे देरी से पहुंचे भाटी के लिए शहर के भगतसिंह स्टेडियम में सभा का आयोजन किया गया था। वही शहर के सूरज पोल चौराहे से पहले प्रशंसकों ने जेसीबी से फूल बरसाकर भाटी का स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुँचे शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2019 से जबसे ईडब्ल्यूएस मुहिम की शुरुआत हुई, और उसके बाद आज सात साल तक युवा साथियों ने इसके लिए लोकतांत्रिक तरीके से अपनी वाजिब मांगों को लेकर प्रदेश और देश के नेताओं के सामने अपनी बात रखी, लेकिन किसी ने इसकी सुनवाई नहीं की।

इस अवसर पर उन्होंने एक कवि द्वारा कही गई बात का उल्लेख करते हुए कहा कि जब सड़के सुनसान हो जाती है तो सदन आवारा हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब सही मायने में सिर गिनाने की जरूरत है, यह लड़ाई रविंद्र सिंह भाटी की नहीं है यह आर्थिक, कमजोर वर्ग की लडाई है, और युवाओं को केंद्र की भर्तियों में नौकरियां दिलाने की और उनकी बात दिल्ली तक पहुंचाने की है।

रविंद्र भाटी ने ईडब्ल्यूएस में पांच एकड जमीन की शर्त को लेकर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दस प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण में पांच एक? जमीन की शर्त रखी है जो व्यवहारिक नहीं है क्योंकि जब गुड़गांव की जमीन की तुलना जालोर की जमीन से करेंगे तो काफी फर्क है, और वर्तमान में जालोर सिरोही क्षेत्र में जमीन की स्थिति अच्छी नहीं है, ऐसी शर्तो के कारण ईडब्ल्यूएस से बाहर कर दिया गया। उन्होंने नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जो सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं उन्होंने कभी एक चिट्ठी लिखी क्या?

रविंद्र भाटी ने विपक्ष पर भी कहा कि जब विपक्ष में होते हैं तो कई तरह के वीडियो अपलोड करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही मुंह बंद हो जाता है, बेटी बचाओं बेटी पढाओं का नारा तो दिया जाता है, लेकिन जब उनके शादी के बाद यही ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनते हैं तो पिता और पति की आय की गणना की जाती है।

रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि पिछली सरकार में छात्रसंघ अध्यक्ष बना कई मुकदमे हुए और कृष्ण की जन्मभूमि देखने का मौका मिला। मैं इस सरकार को भी कहना चाहता हूं कि जो वहम, डर था वो निकल गया है पर आप तैयार हो जाओ जनता जाग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से यहां पहुंचा हूं, कई एजेंसी देख ली, मै उसके लिए अब भी तैयार बैठा हूं।

इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर भवानीसिंह बाकरा द्वारा भाटी का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन अनिल शर्मा व तेजसिंह ने किया। इस दौरान ललित दवे, सुमेरसिंह धानपुर, राणसिंह भायल, पोकरमल दाधीच, उम्मेसिंह ऊन, कृष्णकांत जेठलिया ने भी संबोधित किया।

## कार्यालय नगरपालिका, सांचौर (राज.)

(टेलिफोन नम्बर-02979-283280 व ई-मेल आई.डी. eosanchore.lsg@rajasthan.gov.in & eosanchore2010@gmail.com)

क्रमांक : न.पा.सां./2026/3770 दिनांक : 24.09.2026

### -:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

सर्व साधारण एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि पालिका परिक्षेत्र मे विलेख, वसीयत, हकत्याग, उत्तराधिकारी, गिफ्टडीड आदि से खरीदसुदा के नामान्तरण/उपविभाजन-संयुक्तिकरण/भू-उपयोग परिवर्तन प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का विस्तृत विवरण नीचे अंकित है। इसमें वर्णित सम्पतियों के नामान्तरण/उपविभाजन-संयुक्तिकरण/भू-उपयोग परिवर्तन प्रमाण पत्र में किसी व्यक्ति विशेश को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति मय ठोस दस्तावेज सहित इस सूचना के प्रकाशन होने की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय मे आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि के समाप्त होने के उपरान्त प्राप्त होने वाली आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। तथा सम्पत्ति आवेदनकर्ता के नाम नामान्तरण प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | स्थल जहां सम्पत्ति है | पत्रावली संख्या | पत्रावली का प्रकार | पट्टा संख्या/वर्ष | भू.सं. | कुल रकबा (वर्गगज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | किशनलाल बिश्नोई पुत्र श्री कालूराम जाति बिश्नोई | बी.ढाणी सांचौर | 247/2026 | नामान्तरण | 193/1996 | – | 388.88 |
| 2 | हनुमानराम पुत्र श्री रूगनाथराम जी कौम कलबी | मौखुपुरा सांचौर | 248/2026 | नामान्तरण | 361/2010 | – | 166.66 |
| 3 | भमरी देवी पत्नी श्री मांगीलाल जाति लोहार | अम्बीका नगर सांचौर | 249/2026 | नामान्तरण | 1142/2010 | 126 | 166.66 |
| 4 | लाधुराम एम सुथार पुत्र श्री मोबतारामजी जाति सुथार | बालाजी नगर कॉलोनी सांचौर | 250/2026 | नामान्तरण | 15/2006 | 13 | 166.66 |
| 5 | लाधुराम एम सुथार पुत्र श्री मोबतारामजी जाति सुथार | बालाजी नगर कॉलोनी सांचौर | 251/2026 | नामान्तरण | 17/2006 | 15 | 166.66 |
| 6 | मंजु देवी पत्नी श्री जेठदास जाति वैष्णव | विवेक विहार द्वितीय सांचौर | 252/2026 | नामान्तरण | 1995/2025 | 72 | 183.33 |
| 7 | नेबाराम पुत्र श्री मावा राम जाति कलबी | के.पी. नगर बडसम रोड सांचौर | 253/2026 | नामान्तरण | 131/2007 | 07 | 166.66 |
| 8 | चम्पाराम पुत्र श्री तगाराम जाति माली | के.पी. टाउनशीप हाडेचा रोड सांचौर | 254/2026 | नामान्तरण | 3835/2017 | 63 | 138.88 |
| 9 | ओमप्रकाश पुत्र श्री किशनाराम जी जाति बिश्नोई | ज्योति नगर तृतीय जे. सांचौर | 255/2026 | नामान्तरण | 4426/2019 | 02 बी | 169.63 |
| 10 | चम्पाराम पुत्र श्री तगाराम जाति माली | के.पी. टाउनशीप हाडेचा रोड सांचौर | 256/2026 | नामान्तरण | 3869/2017 | 62 | 138.88 |
| 11 | जसी पत्नी श्री भीखालाल जाति ठक्कर (लौहाणा) | हिंगलाज नगर सांचौर | 257/2026 | नामान्तरण | 104/2026 | 261 | 200.00 |
| 12 | रेणुका देवी पत्नी श्री चन्द्रकांत जाति ठक्कर (लौहाणा) | हिंगलाज नगर सांचौर | 258/2026 | नामान्तरण | 105/2026 | 260 | 200.00 |
| 13 | कमला देवी पत्नी श्री मांगाराम जाति जाट | एच.आर. नगर तृतीय सांचौर | 259/2026 | नामान्तरण | 1909/2025 | 01 | 283.10 |
| 14 | १. मानसिंगाराम पुत्र श्री देवाराम जाति कलबी २. देमा पत्नी श्री मानसिंगाराम जाति कलबी ३. माधाभाई पुत्र श्री भीखाभाई जाति कलबी | खसरा संख्या 2606, 3594/2606 सांचौर | 260/2026 | नामान्तरण | 43/2001 | – | 7389.66 |
| 15 | कमला देवी पत्नी श्री मांगाराम जाति जाट | एच.आर. नगर तृतीय सांचौर | 50/2026 | उपविभाजन | 1909/2025 | 01 | 236.80 वर्गमीटर |
| 16 | महेन्द्र चौधरी पुत्र श्री दोलाराम जी जाति कलबी | मौजा गरडाली के पुराना खसरा 178 | 25/2026 | भू-उपयोग परिवर्तन | - | – | 1935.30 वर्गमीटर |
| 17 | महेन्द्र चौधरी पुत्र श्री दोलाराम जी जाति कलबी | मौजा गरडाली के पुराना खसरा 178 | 26/2026 | भू-उपयोग परिवर्तन | - | – | 1935.69 वर्गमीटर |

### -:: आपत्ति विज्ञप्ति ::-

प्रारूप-10

(नियम-6(7) देखिए)

नगर पालिका सांचौर, जिला-जालोर कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, जो निम्न वर्णित है :-

**90-क के तहत आवेदन पत्र**

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | प्रार्थी का नाम | पत्रावली संख्या | खसरा संख्या | हैक्टर में से | क्षेत्रफल वर्गगज/व.मी. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | मौखुपुरा | श्रीमती सगरती देवी पत्नी श्री जामताराम जाति मेघवाल | 474/2026 Online No 111382 | 3706/2882 | 0.63 हैक्टर | 139.40 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 2 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | कमालपुरा | श्री नरसीराम पुत्र श्री त्रिकमाराम जाति भील | 475/2026 Online No 111393 | 601/480 | 0.1454 हैक्टर | 390.33 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 3 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | श्री भुपेन्द्र सिंह पुत्र श्री वनेसिंह जाति राजपूत | 476/2026 Online No 111452 | 241 | 0.64 हैक्टर | 167.28 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 4 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | श्री भंवरलाल पुत्र श्री धीराराम जी कौम सोनी | 240/2026 Online No 342257 (निजी खातेदारी आवेदन) | 805 | 0.93 हैक्टर | 220.26 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 5 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | चम्पादेवी पत्नी श्री भूरारामजी कौम माली | 02/2026 Online No 466793 (कॉ-ऑपरेटिव स्कीम) | 810 | 4.70 हैक्टर | 83.64 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 6 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | काजाराम पुत्र श्री दयाराम कौम माली | 03/2026 Online No 467675 (कॉ-ऑपरेटिव स्कीम) | 810 | 4.70 हैक्टर | 83.64 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 7 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | रामेश्वरी विश्नोई पत्नी श्री ओमप्रकाश जी जाति विश्नोई | 04/2026 Online No 480282 (कॉ-ऑपरेटिव स्कीम) | 705/3355, 707, 708, 709, 710 | 3.28 हैक्टर | 287 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 8 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | सुरेश कुमार पुत्र श्री तुलसाराम जाति पुरोहित | 05/2026 Online No 480311 (कॉ-ऑपरेटिव स्कीम) | 705/3355, 707, 708, 709, 710 | 3.28 हैक्टर | 278.81 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 9 | जिला- जालोर तहसील-सांचौर | सांचौर | रतनलाल बिश्नोई पुत्र श्री हरजीराम जी बिश्नोई | 06/2026 Online No 480416 (कॉ-ऑपरेटिव स्कीम) | 705/3355, 707, 708, 709, 710 | 3.28 हैक्टर | 289.96 वर्गमीटर | आवासीय प्रयोजनार्थ |

अत: इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनो के लिए भूमि के उपयोग हेतू अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आपेक्ष है तो वह नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर – भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उक्त सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन दिनांक **24.09.2026** को जारी की गई।

राज.संवाद/सी/26/10846

अधिशाषी अधिकारी